# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

कोनी पुलिस थाना के सामने, बिलासपुर-रतनपुर मार्ग, कोनी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) 495009

ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in Website : www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 717 / स्था.प्रशा. / 2023 बिलासपुर, दिनांक 21.03.2023

## // अधिसूचना //

विश्वविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की सीधी भर्ती एवं पदोन्नति हेतु विनियम क्रमांक–19 कार्यपरिषद की अनुमोदन तिथि अर्थात दिनांक 04.11.2022 से प्रभावशील है।

छ0ग0 शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय के पत्र क्र. एफ 9–1 / 2008 / 1–3, दिनांक 01.02.2013 एवं एफ 9–1 / 2008 / 1–3, दिनांक 03.02.2022 के द्वारा शीघ्रलेखक, डाटा एन्ट्री आपरेटर, स्टेनो टायपिस्ट एवं सहायक ग्रेड–3 हेतु शैक्षणिक अर्हताओं में संशोधन किया गया है।

विनियम क्रमांक 19 की कंडिका–16 के प्रावधान अनुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शीघ्रलेखक, डाटा एन्ट्री आपरेटर, स्टेनो टायपिस्ट एवं सहायक ग्रेड–3 पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता को प्रतिस्थापित किये जाने के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति की अनुशंसा एवं कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 17.03.2023 (विषय क्रमांक–02) में लिये गये निर्णय के अनुक्रम में उपर्युक्त पदों के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यताओं को विनियम क्रमांक–19 में प्रतिस्थापित करते हुए लागू किया जाता है।

02/. कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 17.03.2023 (अ.अ.अ. विषय क्रमांक–05) में प्रोग्रामर पद हेतु निम्नानुसार शैक्षणिक योग्यता निर्धारित किया गया है:–

M.E./M.Tech. with second division or equivalent grade point in computer science and engineering or related subject from recognized university/Institute with 2 years post qualification programming experience.

OR

MCA/M.Sc.(IT)/M.Sc.(CS) or equivalent degree with second division from a recognized university/ Institute with 3 years post qualification programming experience.

कार्यपरिषद के उपर्युक्त निर्णयानुसार प्रोग्रामर पद हेतु निर्धारित योग्यताओं को एतद्द्वारा लागू किया जाता है।

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ0क्रमांक / 718 / स्था.प्रशा. / 2023 बिलासपुर, दिनांक 21.03.2023

प्रतिलिपि:–

01. कुलपति के सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
02. कार्यालयीन प्रति।

उप कुलसचिव (प्रशासन)

**शीघ्रलेखक, डाटा एन्ट्री आपरेटर, स्टेनो टायपिस्ट एवं सहायक ग्रेड–3 पद हेतु**
**राज्य शासन द्वारा निर्धारित शैक्षणिक अर्हताएं**

––00––

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन, मंत्रालय, के पत्र क्रमांक एफ 9–1/2008/1–3, दिनांक 01.02.2013 एवं एफ 9–1/2008/1–3, दिनांक 03.02.2022 के द्वारा शीघ्रलेखक/डाटा एन्ट्री आपरेटर/स्टेनों टायपिस्ट/सहायक ग्रेड–3 पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक अर्हताएं निम्नानुसार वर्णित है:-

| क्र. | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 01. | **शीघ्रलेखक/स्टेनोग्राफर** | I. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,<br>अथवा<br>पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण।<br>II. मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था शीघ्र लेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से–<br>(क) शीघ्रलेखक (हिन्दी) के लिए– हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रतिमिनट की गति। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।)<br>(ख) शीघ्रलेखक (अंग्रेजी) के लिए– अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रतिमिनट की गति। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।)<br>(ग) द्विभाषी– शीघ्रलेखक के लिए– ऊपर खण्ड (क) तथा (ख) में विनिर्दिष्ट हिन्दी तथा अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रतिमिनट की गति। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।)<br>III. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र तथा डाटा एन्ट्री की गति 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा, (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।) |
| 02. | **डाटा एन्ट्री आपरेटर** | I. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,<br>अथवा<br>पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>अथवा<br>कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा।<br>II. डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री की गति 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघण्टा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।)<br>III. मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी एवं अंग्रेजी मुद्रलेखन गति 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघण्टा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) का प्रमाण पत्र। |

| | | |
|---|---|---|
| 03. | स्टेनो टायपिस्ट | I. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,<br>अथवा<br>पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>II. हिन्दी शीघ्रलेखन में 60 शब्द प्रति मिनट की गति। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।)<br>III. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एन्ट्री की गति 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघण्टा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।)<br>IV. मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघण्टा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) का प्रमाण पत्र। |
| 04. | सहायक ग्रेड–3 | I. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,<br>अथवा<br>पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>II. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा<br>III. कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघण्टा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।)<br>IV. मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघण्टा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) का प्रमाण पत्र। |